Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

an>

Title: Need to step up construction of Koyal Irrigation Project.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : महोदय, बिहार के मगध प्रमण्डल में उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना की आधारशिला 1976 में 75.76 लाख रूपये के साथ रखी गयी है। 550 करोड़ रूपये खर्च किये जाने के बावजूद भी यह परियोजना अधर में है। इस परियोजना के शुरू होने से बिहार राज्य के मगध प्रमण्डल एवं झारखंड राज्य के पलामू जिले के किसान लाभान्वित होंगे। इस परियोजना पर व्ययय होने वाली राशि का 90 प्रतिशत वहन बिहार सरकार और 10 प्रतिशत वहन झारखण्ड सरकार द्वारा किया जाना है। झारखण्ड सरकार बैराज व डैम पर गेट लगाना तथा बिहार सरकार द्वारा नहर का काम पूरा करना है। र्वा 2005 में योजना राशि बढ़ाकर 12 अरब 89 करोड़ 50 लाख रूपये कर दी गयी है। लेकिन अफसोस की बात है कि परियोजना शुरू नहीं हो पायी हे।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि वो इस परियोजना को यथाशीघ्र शुरू करवाकर बिहार और झारखण्ड के लाखों किसानों को लाभ पहुंचायें।